भारत सरकार

आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 721**

07 फरवरी, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

# एकीकृत आयुष कल्याण केंद्र

721. डॉ. नामदेव किरसान:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) भारत के प्रथम एकीकृत आयुष कल्याण केंद्र का ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार की देश भर में और अधिक एकीकृत आयुष कल्याण केंद्र स्थापित करने की कोई योजना है; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क)**:** आयुष मंत्रालय आयुष स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए गुवाहाटी के अज़ारा में क्षेत्रीय होम्योपैथी अनुसंधान संस्थान के स्थायी परिसर में पहला एकीकृत आयुष कल्याण केंद्र स्थापित कर रहा है।

(ख) और (ग): जन स्वास्थ्य राज्य का विषय है और तदनुसार एकीकृत आयुष कल्याण केंद्र की स्थापना संबंधित राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय सरकारों के कार्यक्षेत्र में आता है। हालांकि, राष्ट्रीय आयुष मिशन (एनएएम) की केंद्रीय प्रायोजित योजना के तहत मौजूदा आयुष औषधालयों और उप स्वास्थ्य केंद्रों को उन्नत करके आयुष स्वास्थ्य और कल्याण केंद्रों (एएचडब्ल्यूसी) के संचालन के लिए राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय सरकारों को वित्तीय सहायता प्रदान करने का प्रावधान है, जिन्हें वर्तमान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] के नाम से जाना जाता है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय सरकारों के माध्यम से आयुष मंत्रालय की एनएएम योजना के तहत दिनांक 31 मार्च, 2024 तक 12,500 एएएम (आयुष) को कार्यशील करने की मंजूरी दी। मंत्रालय ने इसके बाद दिनांक 31.03.2025 तक एएएम (आयुष) के लिए निधियां जारी करने की अनुमति ली। राज्य/संघ राज्य क्षेत्रीय सरकारों से प्राप्त जानकारी के अनुसार, अब तक 12253 एएचडब्ल्यूसी को कार्यशील बनाया गया है। अनुमोदित और कार्यशील एएचडब्ल्यूसी की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति संलग्नक पर दी गई है।

****

**संलग्नक**

**अनुमोदित और कार्यशील आयुष स्वास्थ्य एवं कल्याण केंद्रों की राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार स्थिति, जिन्हें वर्तमान में आयुष्मान आरोग्य मंदिर (आयुष) [एएएम (आयुष)] के नाम से जाना जाता है।**

| क्र.सं. | राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का नाम | अनुमोदित एएएम(आयुष) | कार्यशील एएएम (आयुष) |
|---|---|---|---|
| 1 | अंडमान और निकोबार द्वीप | 6 | 6 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 126 | 126 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 89 | 89 |
| 4 | असम | 500 | 500 |
| 5 | बिहार | 294 | 113 |
| 6 | चंडीगढ़ | 12 | 12 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 400 | 400 |
| 8 | दिल्ली | 0 | 0 |
| 9 | दादरा और नागर हवेली व दमन और दीव | 1 | 1 |
| 10 | गोवा | 100 | 100 |
| 11 | गुजरात | 365 | 365 |
| 12 | हरियाणा | 538 | 506 |
| 13 | हिमाचल प्रदेश | 761 | 740 |
| 14 | जम्मू-कश्मीर | 523 | 523 |
| 15 | झारखंड | 745 | 745 |
| 16 | कर्नाटक | 376 | 376 |
| 17 | केरल | 700 | 700 |
| 18 | लद्दाख | 0 | 0 |
| 19 | लक्षद्वीप | 7 | 7 |
| 20 | मध्य प्रदेश | 800 | 800 |
| 21 | महाराष्ट्र | 390 | 377 |
| 22 | मणिपुर | 15 | 15 |
| 23 | मेघालय | 24 | 24 |
| 24 | मिजोरम | 41 | 41 |
| 25 | नागालैंड | 49 | 49 |
| 26 | ओडिशा | 422 | 422 |
| 27 | पुद्दुचेरी | 4 | 4 |
| 28 | पंजाब | 158 | 158 |
| 29 | राजस्थान | 2019 | 2019 |
| 30 | सिक्किम | 18 | 18 |
| 31 | तमिलनाडु | 650 | 650 |
| 32 | तेलंगाना | 421 | 421 |
| 33 | त्रिपुरा | 72 | 72 |
| 34 | उत्तर प्रदेश | 1034 | 1034 |
| 35 | उत्तराखंड | 300 | 300 |
| 36 | पश्चिमी बंगाल | 540 | 540 |
| **कुल** | | **12500** | **12253** |